कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर

वर्ष :03, अंक :-278, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

अजित पवार अपने बयान की वजह से मुश्किल में घिरे

# विपक्ष ने की कठोर कार्रवाई की मांग



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार अपने हालिया बयान की वजह से मुश्किल में घिर गए हैं। विपक्ष ने अजित पवार के बयान की शिकायत चुनाव आयोग से करते हुए इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया और साथ ही उन पर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल अजित पवार ने धमकी भरे अंदाज में कहा विकास निधि चाहिए तो ईवीएम पर बटन दबाना होगा? अजित पवार ने कहा कि हम विकास के लिए फंड दे रहे हैं आप ईवीएम पर ज्यादा से ज्यादा बटन दबाइए, नहीं तो फंड देते वक्त हाथ थोड़ा रोकना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार के इस बयान ने उन्हें विपक्ष के निशाने पर ले लिया है। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग से अजित के बयान को चुनाव अचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए उन पर करवाई की मांग की है। एनसीपी शरद पवार गुट के प्रवक्ता महेश तपासे ने कहा कि दरअसल अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में पार्टी की प्रत्याशी हैं। सुनेत्रा का मुकाबला ननंद और तीन बार सांसद रह चुकी सुप्रिया सुले से हो रहा है।

देश की जिन सीटो पर कड़ा मुकाबला होगा उनमे से एक सीट है बारामती की सीट। इसी रैली के दौरान अजित पवार के द्रौपदी के उदाहरण वाले बयान पर विवाद खड़ा हो गया। अजित पवार लड़के और लड़कियों के जन्म दर अनुपात का जिक्र कर रहे थे। इस दौरान उन्हें कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो आगे किसी द्रौपदी के बारे में सोचना होगा। हालांकि कुछ ही देर में अजित पवार को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने हाथ जोड़कर माफी भी मांगी, लेकिन विपक्ष ने अजित पवार के इस बयान को महिलाओं का अपमान बताया है।

## बसपा ने झांसी में बदला प्रत्याशी

**झांसी।** बसपा ने झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट पर घोषित उम्मीदवार राकेश कुशवाहा बरुआ को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित किया गया है। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर बीके गौतम को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, कैलाश पाल को मंडल प्रभारी के पद से हटाकर ललितपुर का जिला प्रभारी बनाया गया है। माना जा रहा है कि पार्टी के भीतर प्रत्याशी को लेकर चल रही गुटबाजी के कारण यह निर्णय लिया गया है। बसपा ने गत 9 अप्रैल को झांसी में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति में राकेश कुशवाहा बरुआ को उम्मीदवार घोषित किया था। झांसी सीट पर कुशवाहा समाज के मतदाताओं का बाहुल्य होने के कारण पार्टी को इस सीट पर बेहतर समीकरण बनने की उम्मीद थी। हालांकि पार्टी की ओर से प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही पार्टी का अंतर्कलह दिखाई पड़ने लगा था। प्रत्याशी का चुनाव प्रचार अभियान भी जोर पकड़ता दिखाई नहीं दे रहा था। बताया जा रहा है कि पार्टी के भीतर उम्मीदवार को लेकर उपजे असंतोष और एक गुट की ओर से हो रहे विरोध की बात पार्टी सुप्रीमो मायावती तक पहुंचाई गई थी। झांसी सीट पर फिलहाल बसपा ने नए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। बसपा के बुंदेलखंड के मुख्य को-आर्डिनेटर लाला राम अहिरवार ने बताया कि पार्टी ने राकेश कुशवाहा बरुआ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है और जिलाध्यक्ष पद पर जयपाल अहिरवार को हटाकर बी के गौतम को नियुक्त किया गया है।



# बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई डॉ. बाबा साहब की शोभायात्रा

एनएनआई



**पिनाहट।** बुधवार को कस्बा पिनाहट में डॉ भीमराव अंबेडकर डॉ बाबा साहब की शोभायात्रा आकर्षक झाकियो के साथ धूमधाम से बैंड बाजों के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी समाज मे एससी समाज के लोगों ने भाग लिया। शोभा यात्रा का कस्बा वासियों ने पुष्प बरसा कर जोरदार स्वागत किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को कस्बा पिनाहट में माता श्री चामण देवी प्रांगण से भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अध्यक्ष पिनाहट रामरती देवी ने माल्यार्पण किया। और फीता काट बाबा साहब की शोभा यात्रा का शुभारंभ किया।बाबा साहब की शोभायात्रा एक दर्जन आकर्षक झांकियां के साथ धूम धाम से बैंड बाजो के साथ चांदनी चौक,सदर बाजार, सब्जी मंडी,अंबेडकर चौराहा नदगवां तिराहा होते हुए अंबेडकर पार्क पर पहुंची। शोभा यात्रा का जगह-जगह कस्बे में व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। शोभा यात्रा में सम्मिलित हुई एक दर्जन आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। कस्बे के अंबेडकर पार्क में बैठक कर शोभायात्रा का समापन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनारायण नेताजी ने और संचालन दो अमरेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बाबूलाल सामाजिक चिंतक विशिष्ट अतिथि शक्ति दास नाम नीतू बौद्ध गायक ने बैठक के दौरान अपने विचार विमर्श किया।

वही सुरक्षादृष्टि से पिनाहट ए सी पी गिरीश कुमार, थाना प्रभारी पवन सैनी समेत थाने का फोर्स मौजूद रहा इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामरती देवी, आजाद बाबू, कमल चंद्रवंशी, सभासद संजू विमल, रामसनेही पूर्व ब्लॉक प्रमुख, भोला गुप्ता, संजय चतुर्वेदी रामावतार ललित कुमार महावीर सिंह शीतल प्रसाद सुलेमान सुभाष वर्मा रामदास घनश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

## मंगलामुखी वधुओं ने चढ़ाया माता रानी के मंदिर पर घंटा, चाक पूजन कर उठाये कलश

(एनएनआई)



**कासगंज।** सिढ़पुरा में चल रहे 10 दिवसीय अखिल भारतीय ऑल इंडिया मंगलामुखी सम्मेलन में बुधवार को बड़ी संख्या में मंगलामुखी रथ पर सवार जिलाध्यक्ष पूजा के नेतृत्व में बैंडबाजे की धुन पर नाचते-गाते हुए ब्रज फार्म हाउस से गंजडुंडवारा रोड होते हुए धुमरी रोड स्थित शिव-काली मंदिर पहुंचे जहां विधि विधान से मंगलामुखी वधुओं निशा कासगंज एवं बबली जलेसर ने माता रानी की पूजा अर्चना की एवं पीतल का बड़ा घंटा चढ़ाया। तदुपरांत कस्वा सिढ़पुरा के मोहल्ला गांधी नगर में अनमोल सर्राफ के घर के बाहर चौराहा पर मंगलामुखी वधुओं एवं मंगलामुखी जिला अध्यक्ष पूजा द्वारा चॉक पूजन विधिवत किया गया। इसके बाद मंगलामुखी वधुओं ने कलश उठाया और नगर भ्रमण करते हुए ब्रजफार्म हाउस पहुंचे। बतादें कि बड़ी संख्या में लोगों ने जगह-जगह मंगलामुखियों का पुष्प वर्षा कर एवं जलपान कर स्वागत किया ।बड़ी संख्या में लोगों ने भी मंगलामुखियों के साथ नाच-गाना किया। इस दौरान मंगलामुखी एटा/कासगंज जिलाध्यक्ष पूजा, सन्नो नायक सिढ़पुरा सहित दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात आदि स्थानों से पुष्पा, हिना नायक, पूजा हाजी, मीनाक्षी, मनचली, आरती, रेखा, छोटी, बड़ी, निशा, भावना, हिना, करिश्मा, बबली सहित सैकड़ों मंगलामुखी बैंडबाजे की धुन पर धूम मचाई।

## कन्या पूजन के साथ नवरात्र का हुआ समापन



(एनएनआई) **बाह।** कन्या सृष्टि सृजन श्रंखला का अंकुर होती हैं। ज्योतिषाचार्य शिवशरण पाराशर ने बताया कि कन्या पृथ्वी पर प्रकृति स्वरुप मां शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं जैसे सांस लिए बगैर आत्मा नहीं रह सकती वैसे ही कन्याओं के बिना इस सृष्टि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसीलिए बुधवार को कन्या पूजन कन्या भोज घर घर आयोजन किया गया चांगोली अपने गॉव में पूर्व ब्लाक प्रमुख आनन्द पाल सिंह भदौरिया की पत्नी सुशमा देवी पूर्व प्रधान ने कन्या लगुराओं को भोज का आयोजन किया गया इस अवसर पर भावना सा घवी रियान्सी परी आदि रहे और कन्या भोज के साथ चैत्र नवरात्र का समापन हुआ। बाह, जैतपुर क्षेत्र के गांव कस्बों के हर घर में कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर पूजा गया। उन्हें भोजन कराकर अपने व्रत का समापन किया। नवमी के पूजन के बाद भण्डारे हुए। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात में देवी जागरण की महफिल सजी। जिसमें भजन, लंगुरियों की गूंज सुनाई दी।

## एचटी लाइन की चिंगारी से खेत में लगी आग तीन बीघा रकवे में फसल जलकर हुई खाक



एनएनआई

**बाह।** बुधवार की दोपहर बाह के बलाई पुरा गांव में एचटी लाइन की चिंगारी से सोबरन सिंह बटाई पर लिये खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। तेज हवा के साथ उठी लपटों से पड़ोसियों के खेतों तक आग के पहुंचने से पहले बाह से पहुंची फायर ब्रिगेड ने बुझा लिया। बिजौली की मिथलेश देवी का तीन बीघा खेत बलाई पुरा के सोबरन सिंह ने बटाई पर लिया है। खेत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन में हुए फाल्ट के बाद उठी चिंगारी से खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। आसपास के खेतों में आग के खतरे को लेकर ग्रामीण किसानों में अफरा तफरी मच गई। बाह से पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। तब कहीं जाकर पड़ोसी किसानों ने राहत की सांस ली। पीड़ित ने प्रशासन से नुकसान के आंकलन और मुआवजे की मांग की है। बुधवार की शाम एचटी लाइन की चिंगारी से बिजौली के भेजदार वीरेन्द्र कुमार की 5 बीघा रकवे में खड़ी गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। गली गोपाल जी बाह के रहने वाले महेश और सुरेश का 5 बीघा खेत बिजौली के वीरेन्द्र कुमार ने भेज पर लिया है। खेत में गेंहू की फसल खड़ी थी। एचटी लाइन की चिंगारी से खेत में लगी आग से फसल जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई।

## पुलिस कमिश्नर के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप



(एनएनआई) **अछनेरा।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बुधवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने अछनेरा,किरावली और फतेहपुर सीकरी थानों का औचक निरीक्षण किया औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया पुलिस आयुक्त कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने आपराधिक रजिस्टर का बरीखी से अवलोकन करते हुए,महिला हेल्प डेस्क,मालखाना,थाना परिसर में साफ सफाई व्यवस्था,पुलिस कर्मियों के लिए भोजन का भी निरीक्षण किया लम्बित चल रहे मामलों,अपराध नियंत्रण,वांछित चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देश जारी किए जनसुनवाई में पीड़ित व्यक्ति की हर सम्भव मदद करने के साथ साथ समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करने के निर्देश जारी किए इसके साथ आने वाले लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के जरूरी निर्देश जारी किए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने सभी थाना प्रभारियों को सन्दिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखते हुए क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर सघन चेकिंग अभियान चलाने के भी निर्देश जारी किए इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़, पुलिस आयुक्त पश्चिमी सोनम कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त पूनम सिरोही और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

RNI Title Code no UPHIN49797

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# परिषदीय विद्यालयों मे भक्तिभाव के साथ मनाया गया नवरात्रोत्सव

## पूजन संग दिया बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का सन्देश

**कासगंज पटियाली।** पिछले कई सालों से परिषदीय विद्यालय बदलाव की ओर अग्रसर है ।विद्यालयों मे सभी प्रकार के पर्व बच्चों के साथ धूमधाम से मनाये जाते रहे है,जिसके क्रम में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय बीनपुर में माँ दुर्गा के स्वरुप की पूजा अर्चना कर नवरात्रि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया गया ।विद्यालय मे नवरात्रि पर्व को लेकर सजावट की गयी ।विद्यालय स्टाफ एवं सभी नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से माँ दुर्गा की आरती की गयी ।विद्यालय स्टाफ द्वारा सभी बच्चो को पर्व के बारे मे बताया गया कि यह नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति के सम्मान,सुरक्षा,आत्मरक्षा का प्रतीक है ।कक्षा 3 की छात्रा कुन्ज आस्था को माँ दुर्गा का रूप देकर पूजा अर्चना की गयी ।कार्यक्रम मे शेर पर सवार माँ दुर्गा आकर्षण का केंद्र रही ।देवी स्वरुप छात्रा ने सामाजिक सुधार की दिशा मे सशक्तिकरण के लिए बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, स्वावलंबन, सुरक्षा, आपतकालीन डायल नंबर आदि बिन्दुओं पर सन्देश पट्टीकाओं के जरिये जागरूक किया ।कार्यक्रम मे बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ का सन्देश दिया गया ।कार्यक्रम मे शिक्षक सचिन कुमार वार्ष्णेय,अर्चना अग्निहोत्री, प्रियंका तिवारी, रामफल,भोजन मातायें एवं सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर




## एटा में दर्दनाक हादसा, बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, दो मासूम सहित चार की मौत

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसे में दो मासूम सहित चार की मौत हो गई। बताया गया कि तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ये हादसा थाना पिलुआ क्षेत्र में सुन्ना नहर के पास हुआ। बताया गया है कि पूरा परिवार नोएडा से मैनपुरी लौट रहा था। उसी दौरान कार चालक को नींद की झपकी आ गई, जिसके बाद कार डिवाइडर से टकारा गई। कार की रफ्तार अधिक थी इस वजह से वो काफी दूर तक घिसिटती हुई चली गई। हादसे के बाद कार सवारों में चीख पुकार मच गई। सड़क हादसे में कुलदीप पुत्र विनोद (21), नित्या (1) व आराध्या( 6) पुत्री रवि सभी



निवासी सथिनी दलितपुर थाना दन्नाहार मैनपुरी, गुलशन पुत्र रामअवतार (23) निवासी व्यूति कलां थाना एलाऊ मैनपुरी की मौत हो गई। इनके साथ रंजना, आदित्य, रवि और विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सैफई रेफर किया गया है।

## आग से नकदी सहित 13 घरों की गृहस्थी जली, फसलें भी तबाह

**उन्नाव।** जिले के अलग अलग क्षेत्रों में लगी आग ने लोगों का काफी नुकसान कर दिया। अग्निकांड में सफीपुर व अचलगंज में 13 घरों की गृहस्थी के साथ मवेशी भी जल गए। वहीं बिछिया में आग की चपेट में आकर फसल जलकर राख हो गई। लेखपालों ने मौके पर पहुंचकर आग से क्षति का आंकलन किया। कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में मंगलवार देर शाम को अज्ञात कारणों से लगी आग ने इंद्रपाल, उनके बेटे विनीत और जितेंद्र के घरों को चपेट में ले लिया। तेज हवा के झोंके में आग बढ़ गई। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही निजी संसाधन से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## मुठभेड़ में प्रतिबंधित पशु तस्कर के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**अलीगढ़।** टप्पल पुलिस मुठभेड़ में 20 हजार रुपये के इनामी प्रतिबंधित पशु तस्कर को दबोचा है। उसके पैर में पुलिस की गोली लगी है। घायल बदमाश को इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ खैर राजीव द्विवेदी ने बताया कि जट्टारी-पिसावा मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों ने बाइक से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। इस पर वह तेजी से बाइक मोड़कर पिसावा की ओर भागा। इस पर पिसावा थाने को सूचना देने के साथ चेकिंग टीम ने पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में दोनों ओर से पुलिस से स्वयं को घिरा देखकर आरोपी जट्टारी-पिसावा रोड ईंट भट्ठे के सामने कच्चे रास्ते पर खेतों की ओर बाइक मोड़कर भागा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की।



जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई जिससे आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर कराहने लगा। सीओ के अनुसार मुठभेड़ में पकड़ा गया अकबर पुत्र बक्शी खां बुलंदशहर जनपद के थाना खुर्जा के गांव मीरपुर का निवासी है। वह जनपद के गोंडा थाने से वांछित था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

## इंजन में पत्थर लगने के बाद थमे समता एक्सप्रेस के पहिए

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में समता एक्सप्रेस ट्रेन इंजन पर पत्थर लगने के बाद रुक गई। यह हजरत निजामुद्दीन से विशाखापट्टनम जा रही थी। लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को जानकारी दी। इसके बाद ट्रेन आगे बढ़ी। जंक्शन यार्ड पर ट्रेन को चेक किया गया। सब कुछ सामान्य मिलने पर ट्रेन को आगे रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि ट्रेन संख्या 12808 मंगलवार सुबह करीब सात बजकर 6 मिनट पर हजरत निजामुद्दीन से चली थी। ट्रेन आगे बढ़कर पलवल पहुंची। ट्रेन पलवल और शोलाका के बीच में थी। निर्धारित रफ्तार से आगे बढ़ रही थी, तभी एक पत्थर ट्रेन के इंजन से आकर टकराया।

तेज आवाज हुई तो अनहोनी की आशंका को देखते हुए लोको पायलट ने तत्काल जानकारी कंट्रोल रूम को दी। ट्रेन निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से 9 बजकर 14 मिनट पर मथुरा जंक्शन पहुंची। आरपीएफ टीम ने यार्ड में इंजन और डिब्बों को चेक किया। सब कुछ सामान्य मिलने पर ट्रेन को 9 बजकर 19 मिनट पर जंक्शन से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया।

## सहेली के भाई ने प्यार में फंसाकर किया दुष्कर्म, अश्लील वीडियो वायरल

**एटा।** कंप्यूटर कोचिंग कर रही युवती को उसकी सहेली के शादीशुदा भाई ने प्यार में फंसाकर कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर हत्या व तेजाब से हमला करने की धमकी दे डाली। सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो वायरल कर दिए। युवती के पिता ने युवक सहित उसके परिजन के विरुद्ध भी थाना जैथरा में अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता ने बताया कि उसकी पुत्री स्नातक के बाद कंप्यूटर कोचिंग कर रही थी। उसके साथ थाना क्षेत्र के गांव उदई की रहने वाली मेघा कक्षा 9 से पढ़ती थी, जिनकी आपस में दोस्ती थी। 2015 में जब वह कक्षा 9 में थी, तभी मेघा के भाई अर्जुन सिंह ने मेरी पुत्री को प्रेमजाल में फंसा लिया और उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किए। यह सिलसिला लगातार चलता रहा। जब बेटी ने बताया तो मैंने अर्जुन के घर जाकर शिकायत की। लेकिन वह नहीं माना। यहां तक कि अपनी शादी अन्य लड़की से होने के बाद भी मेरी पुत्री से दुष्कर्म करता रहा। इस बीच उसे जान से मारने और तेजाब से हमला करने की धमकी दी। तमंचा दिखाकर भयभीत भी किया। जब भी पुत्री कंप्यूटर कोचिंग जाती, अर्जुन उसके साथ दुष्कर्म करता था। जनवरी में उसने अश्लील वीडियो, फोटो, चैट आदि वायरल किए। जिसके बाद मैं उसके घर पहुंचा तो अर्जुन सहित उसके माता-पिता, बहन व पत्नी ने गालीगलौज की।

## दो बाइकों की भिड़ंत चालकों की मौत, मां बेटी समेत तीन घायल

**दिबियापुर।** औरैया दिबियापुर मार्ग पर गांव नगला जयसिंह के पास दो बाइकों की भिड़ंत में बाइकों के दोनों चालकों की मौत हो गई जबकि पीछे बैठी मां बेटी समेत तीन लोग घायल हो गए। दो घायलों को गंभीर अवस्था में सैफई रेफर कर दिया गया जबकि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बुधवार की दोपहर तकरीबन तीन बजे औरैया दिबियापुर मार्ग पर गांव नगला जयसिंह के पास दो बाइकों की तेज भिड़ंत हुई।

बताते हैं कि इस बीच पीछे से आ रहे एक ऑटो भी बाइकों से टकरा गया। इस दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार एक बच्ची समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग बिधूना के कुचैली निवासी लउआ सिंह (61) को चिचौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी मैनपुरी में बेबर की नगला कैली निवासी आराधना पत्नी महेंद्र सिंह एवं नातिन वंशू को दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार सहायल के पहाड़पुर निवासी छुन्नीलाल पुत्र नाथूराम एवं उसके साथी औरैया में तिलक नगर सैनिक कालोनी निवासी सुनील कुमार (27) पुत्र अजय कुमार को भी दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।




# नहीं बदला धर्म तो कब्जा लिया खेत

- खंदौली में बजरंग दल नेता पर लगाया पीड़िता ने आरोप
- विरोध करने पर बेटी संग रेप की कोशिश, मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** मुस्लिम समाज की एक महिला ने बजरंग दल के एक नेता और उसके परिवार पर जबरन हिंदू धर्म अपनाने का दबाब बनाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब उसने हिंदू धर्म अपनाने से इंकार कर दिया तो आरोपियों ने जबरदस्ती उसके खेत पर कब्जा करने और पीड़िता की बेटी के साथ रेप की भी कोशिश की गई। विरोध करने पर खुद को बजरंग दल का नेता बताने वाले आरोपी ने अपने परिवार के लोगों के साथ उसके घर पर हमला बोल दिया। पीड़िता की तहरीर पर खंदौली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला खंदौली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव में मुस्लिम समाज का उसका एक ही परिवार रहता है। आरोप है कि गांव का चन्द्रभान सिंह खुद को बजरंग दल का नेता बताता है। आरोप है कि दो माह पूर्व चन्द्रभान सिंह अपने 15-20 समर्थकों के साथ आया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। इंकार करने पर आरोपी और उसके परिवार के लोगों ने जबरन उसके खेत पर कब्जा कर लिया। अधिकारियों से शिकायत करने पर आरोपी बौखला गये। आरोप है कि सात अप्रैल को पीड़िता की बेटी अपने दूसरे मकान पर साफ-सफाई कर रही थी कि तभी आरोपी शराब पीकर घर में घुस गया और जबरदस्ती उसके साथ रेप का प्रयाय किया। चीख-पुकार पर भाई नदीम और रिजवान को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद आरोपी और उसके परिजन कुल्हाड़ी, तमंचा और सरिया लेकर आए और हमला बोल दिया। पीड़िता से छेड़छाड़ कर उसके कपड़े फाड़ दिये। विरोध करने पर दोनों बेटों नदीम और रिजवान को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। हमले के बाद से ही पीड़ित परिवार दहशत में है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चंद्रभान सिंह, जगवीर सिंह, प्रताप सिंह, राहुल, सचिन और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और जिला सहकारी क्रय-विक्रय समिति आगरा के चैयरमैन रामकुमार शर्मा ने पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई का विरोध किया है। उनका कहना था कि वह जल्द पुलिस कमिश्नर आगरा से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे।

## धर्म परिवर्तन की बात गलत

खंदौली ब्लॉक के गांव गुढ़ा की प्रधान चरन देवी बघेल के पुत्र बबलू बघेल ने बताया कि अनीसा बेगम की बेटी खेतों में बकरियां चरा रही थी। इसी दौरान बकरियां प्रताप सिंह के खेत में चली गईं। बकरियों ने मूंग की फसल खराब कर दी। प्रताप सिंह के विरोध करने पर नर्गिस पक्ष के लोगों से कहासुनी के बाद दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। दोनों ही पक्ष के लोग घायल हुए हैं। धर्म-परिवर्तन कराने की बात गलत है।

## मेरा बजरंग दल से कोई नाता नहीं: चंद्रभान

आरोपी चंद्रभान सिंह का कहना है कि वह कोई बजरंग दल का नेता नहीं है। उसके पिता ने अपने खेतों में मूंग की फसल की थी। खेत में मुस्लिम पक्ष की बकरी घुस आई थी। विरोध करने उक्त लोगों ने पिता का सिर फाड़ दिया। पुलिस ने उसके पिता का मेडिकल भी कराया था। घटना के समय वह मौके पर मौजूद नहीं था। उस समय वह उत्तराखंड में था। पुलिस ने हमारा मुकदमा दर्ज नहीं किया और मुस्लिम पक्ष की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उच्च अधिकारियों से शिकायत की जायेगी।

# गेट टूटने से कॉलोनी में बढ़ा चोरी का खतरा

- दबंग मकान स्वामी ने गिराया कॉलोनी का मुख्य द्वार
- कॉलोनीवासियों में फैला आक्रोश, पुलिस में शिकायत

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांसयमुना क्षेत्र में स्थित ज्योति कुंज के बाशिन्दे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि कॉलोनी के मुख्य द्वार को दबंग मकान स्वामी द्वारा गिरवा दिया गया है। इससे कॉलोनी में चोरी-चकारी का खतरा बढ़ गया है। विरोध करने पर काम को रुकवा दिया गया था। अगले दिन चुपचाप से कॉलोनी के मुख्य द्वार को तुड़वा दिया गया। शाम के समय कॉलोनीवासियों ने जब गेट टूटा देखा तो थाने पर लिखित में शिकायत की। थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र के ज्योति कुंज पर कई साल पहले एक मुख्य द्वार का निर्माण सुरक्षा के नजरिए से किया गया था। कुछ समय पूर्व कॉलोनी में अशोक कुमार ने एक मकान खरीदा। उनके घर के बाहर कॉलोनी में प्रवेश के लिए द्वार बना हुआ है। इसका निर्माण तकरीबन बीस साल पहले हुआ था। मुख्य द्वार जर्जर हिस्से को कॉलोनीवासियों द्वारा गिरवा दिया गया था। आरोप है कि गेट पर बने चौकीदार के कमरे को भी दबंग अशोक ने तुड़वा दिया। गेट से निकले मलबे और लोहे की सरिया को भी अपने घर में रख लिया। नवरात्रों बाद गेट के पुनः निर्माण कराया जाना था, लेकिन दबंग मकान स्वामी उसे तुड़वाकर जमीन पर कब्जा करने की साजिश की जा रही है। शाम के समय कॉलोनी के लोगों ने जब गेट और उसमें बने कमरे को टूटा देखा तो उनमें आक्रोश फैल गया। थाना ट्रांसयमुना पर इसकी लिखित में शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नौ साल बाद डॉक्टर के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

एनएनआई

**आगरा।** महिला कॉन्स्टेबल के इलाज में लापरवाही और गलत दवा देने के मामले में डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। मैनपुरी के रहने वाले आदेश कुमार मुख्य आरक्षी हैं। उनकी पत्नी प्रियंका यादव पुलिस में सिपाही थीं। साल 2015 में गर्भवती होने पर आदेश ने अपनी पत्नी को शाहगंज के आशीर्वाद अस्पताल में भर्ती कराया। डॉ. रत्ना शर्मा इलाज कर रही थीं। 13 मार्च 2015 को वह अपनी पत्नी प्रियंका को डिलीवरी के लिए अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर रत्ना शर्मा ने प्रियंका का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन से एक बेटी का जन्म हुआ। ऑपरेशन के बाद प्रियंका की तबियत बिगड़ने लगी। उसे हैवी पेन किलर दिए गए। अगले दिन प्रियंका को सांस लेने में दिक्कतें होने लगीं। चिकित्सक ने प्रियंका को एमजी रोड स्थित दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। यहां कई चिकित्सकों ने उसका इलाज किया, लेकिन हालात में सुधार नहीं हो सका। आठ साल तक प्रियंका का करीब 50 अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चला, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। जनवरी 2023 में प्रियंका की मौत हो गई। आदेश कुमार आगरा कैंट जीआरपी थाने में तैनात हैं। उन्होंने बताया की डॉक्टर की लापरवाही ने उसका परिवार उजाड़ दिया है। डॉक्टर ने उनकी पत्नी को मानकों के विपरीत दवाएं दीं। उसे हैवी पेन किलर दिए गए जिसकी वजह से उसकी किडनी और हार्ट ने काम करना बंद कर दिया। किडनी ट्रांसप्लांट कराने के बाद भी वह अपनी पत्नी की जान नहीं बचा सका। 8 साल तक चले इलाज में उसके 3 करोड़ खर्च हो गए। अब भी उसके ऊपर 1 करोड़ का कर्जा है। आदेश कुमार ने बताया कि डॉक्टर की लापरवाही का मामला उसने थाना पुलिस को बताया, लेकिन कोई राहत नहीं मिल सकी। इसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर से भी पत्राचार किया, प्रस्तुत होकर शिकायतें कीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फिर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश के बाद चिकित्सक रत्ना शर्मा और अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। आदेश का कहना है कि ऐसे डॉक्टर अस्पताल चलने योग्य नहीं हैं। जब तक अस्पताल सील नहीं होगा। तब तक वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

राम जी भंडारे वाले
थाली पूरी 45/-

8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)
पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त
50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क
भंडारा (रिफाइंड)
50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs
भंडारा (देसी घी)
50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs
Mob : 8218820638, 9368713881
फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा

वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# आग ने मचाई सगाई में अफरा-तफरी

एनएनआई



**एत्मादपुर (आगरा)।** कस्बे के मोहल्ला सतौली में लगुन सगाई के दौरान स्कूल दूसरी मंजिल में अचानक एक कमरे में आग लग गई। आग से मौके पर भगदड़ मच गई। अफरा-तफरी के बीच मौजूद लोगों ने सबमर्सिबल पंप चलाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। बाद में पुलिस ने पहुंचकर सभी को मैदान से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक बीती रात करीब 10 बजे मोहल्ला सतौली स्थित एक स्कूल में पंकज कुमार की लग्न सगाई की दावत चल रही थी। इसी दौरान दूसरी मंजिल के एक कमरे में आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को ग्राउंड से बाहर किया। फायर बिग्रेड की गाड़ी को सूचना दी गई। लोगों ने बताया कि कमरे में फर्नीचर रखा हुआ था। गनीमत रही कि आग में कोई झुलसा नहीं। इंस्पेक्टर एत्मादपुर ने बताया कि कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी मिली है।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर



# थानों में तैनात दरोगा संभालेंगे यातायात व्यवस्था

एनएनआई

**आगरा।** शहर के थानों में तैनात दरोगा एक सप्ताह तक यातायात ड्यूटी करेंगे। दस मोबाइल टीम भी बनाई गईं हैं। जाम की सूचना पर टीम रिस्पांस देंगी। लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में फोर्स के जाने की वजह से लोगों को जाम की समस्या से बचाने के लिए यह व्यवस्था की गई है। यातायात ड्यूटी में लगे तकरीबन 500 होमगार्ड और 150 सिपाही-उप निरीक्षक पहले चरण के मतदान को लेकर ड्यूटी पर रवाना किए गए हैं। इससे शहर में पुलिसकर्मियों की कमी हो गई है। एमजी रोड पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है। सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूली वाहन, रोजमर्रा के कामों में निकलने वाले लोगों की भीड़ रहती है। शाम 5 से 9 बजे तक भी यही स्थिति बनती है। एमजी रोड ही नहीं, अंदरूनी इलाकों में भी जाम समस्या से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। फोर्स की कमी से समस्या हो रही थी। नामांकन के दौरान जाम लग गया था।



## प्रशिक्षण देकर लगाएंगे वालंटियर

यातायात ड्यूटी के लिए लोगों से भी अपील की गई थी। इस पर पुलिस को विभिन्न संगठन से जुड़े लोगों ने संपर्क किया। इस पर लोगों को प्रशिक्षण के बाद ड्यूटी पर लगाया जाएगा। सामान्य चौराहों पर जनता के सहयोग से पुलिसकर्मी यातायात का संचालन करेंगे।

## 25 चौराहों पर थाना पुलिस की ड्यूटी

डीसीपी यातायात सैयद अली अब्बास ने बताया कि 10 मोबाइल टीम बनाई गई हैं। इसमें ऑफिस का स्टाफ लगाया गया है। एक टीम में 2-2 सिपाही लगाए हैं। इनकी अलग-अलग प्वाइंट पर ड्यूटी रहेगी। कंट्रोल रूम पर जाम की सूचना आने पर मोबाइल टीम को भेजा जाएगा। वह समाधान करेंगे। वहीं थाना पुलिस की भी डयूटी लगाने के लिए बोला गया है। इसके लिए डीसीपी सिटी को पत्र लिखा गया है। 25 चौराहों पर थाने के 2-2 दरोगा की 2-2 शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। ताकि पीक आवर्स में भी ट्रैफिक को सुगमता से निकाला जा सके। अगर, ज्यादा दिक्कत होगी तो थाने से भी फोर्स बुलाई जाएगी।

## भाकियू भानु ने पूजा अमरोही को दिया समर्थन



एनएनआई

**आगरा।** भारतीय किसान यूनियन भानू और किसान क्रांति दल ने पूजा अमरोही को समर्थन देने का एलान किया है। भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने पूजा अमरोही से मुलाकात की और उन्हें भीम राव आम्बेडकर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। एटा में जलेसर तहसील स्थित नगला सुखदेव में भाकियू भानू के अध्यक्ष के आवास पर पूजा अमरोही की उनसे मुलाकात हुई। जहां भानू प्रताप सिंह से बसपा को समर्थन देने का एलान किया है। भाकियू भानू ने जानकारी देते हुए बताया कि भानू प्रताप सिंह के आवास पर बसपा प्रत्याशी अपने समर्थन में वोट मांगने आई थीं। उन्होंने बताया कि पूजा अमरोही ने जब हमसे समर्थन मांगा तो भारतीय किसान यूनियन और किसान क्रांति दल ने उनका पूर्ण सहयोग के साथ समर्थन देने का एलान किया है। साथ ही निर्देश दिए कि पूरे संगठन के लोग प्रचार में लग जाएं। इस ऐलान के बाद अब बसपा के समर्थन में किसान संगठन के तमाम कार्यकर्ता भी प्रचार शुरू करेंगे। भाकियू भानू किसानों का बड़ा संगठन है। पिछले दिनों भाजपा की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ इस संगठन ने मैदान उतरने का भी मन बना लिया था, लेकिन अब वो बसपा का समर्थन करेंगे। इससे बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही को काफी मजबूती मिलेगी। आगरा में बीजेपी ने सांसद एसपी बघेल को फिर से टिकट दिया है। जबकि सपा की ओर से सुरेश चंद कदम मैदान में हैं।






रामनवमी पर ताजनगरी अयोध्यामय हो गई। जिले भर में विभिन्न अयोजन हुए। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का प्राकट्योत्सव जगह-जगह आयोजन किए गए। भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार रामनवमी अत्याधिक उत्साह से मनाई गई। भगवान श्रीराम के भक्तों ने अपने आवासों पर धर्मध्वजा लहराई। आकर्षक झांकियों संग भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हर तरफ भगवान श्रीराम की धूम रही। जगह-जगह भंडारे हुए।

# शहर भर में गूंजा जय श्री राम

# शोभायात्रा में झूमे भक्त



एनएनआई

**आगरा।** रामनवमी पर हिंदू युवा वाहिनी द्वारा राजा मंडी स्थित दरियानाथ मंदिर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि महंत योगी दीदारनाथ ने स्वरूपों की आरती उतार कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में विघ्नहरण गणेश जी की बाल स्वरूप की झांकी, रामदरबार की लाइव झांकी, श्री कैला देवी की झांकी, पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र और हनुमान के बाल स्वरूप की झांकी शामिल रहीं। शोभायात्रा के आगे डीजे, ढोल और बैंडबाजों की धुन पर भक्त झूमते-नाचते हुए जय श्री राम, भारत माता की जय, वंदेमातरम, हर हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे थे। शहर के प्रमुख मंदिरों के महंत, साधु संतों और बड़ी संख्या में मातृशक्ति की भी भागेदारी रही। वाहिनी के तरुण सिंह सर्राफ ने बताया कि शोभायात्रा पिछले 17 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान मीठा शरबत और प्रसाद का वितरण किया गया। इस

❍ दरियानाथ मंदिर से निकाली गई श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

मौके पर ओमकार सिंह परमार, पियूष सरन श्रीवास्तव, योगी चेतननाथ, निरताई नाथ, मारुती बाबा, सुरवीर सिंह, सौरभ तिवारी, सुरेश चंद्र शर्मा, ऋषि तिवारी, संदीप शर्मा, राजकुमार दिवाकर, सत्यवीर चाहर, राजेंद्र अग्रवाल, नरेश लखवानी, गणेश भारद्वाज, अनंत उपाध्याय, राघव उपाध्याय, हर्ष उपाध्याय, दानवीर परमार, शिवांश सिंह, अनुराग शर्मा, रोहित शर्मा, अरुण, रंजीत सिंह, गंगा धाकड़, गुलशन आदि मौजूद रहे।



## श्रीजगन्नाथ मंदिर में हुआ श्रीराम का अभिषेक

❍ इस्कॉन मंदिर में पंचामृत और पंचगव्य से हुआ राम दरबार का अभिषेक

**आगरा (एनएनआई)।** राम नवमी पर श्रीजगननाथ मंदिर राममय था। मृदंग और मंजीरों संग कीर्तन और श्रीराम के जयकारों संग श्रीराम के डोले के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा लगाई। राम कथा के साथ राम नाम संकीर्तन की धुन में भक्तजन मगन रहे। फूलों से महकते मंदिर में श्रीजगन्नाथ भगवान, बहन सुभद्रा और बाई बलराम संग सुर्ख लाल वस्त्रों में सुसज्जित थे। श्रीराम का माता सीता व लक्ष्मण और बजरंग बलि संग पंचगव्य व पंचामृत से अभिषेक किया गया। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन) में राम नवमी जगमग रोशनी और पुष्पों से सजे मंदिर में श्रद्धालु श्रीराम की भक्ति में डूबा था। इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविन्द स्वरूप ने कथा में भरत चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि आज यदि भरत की विनम्रता, त्याग और भाई के प्रति प्रेम की भावना को अनपा लें तो हर घर से लड़ाई-झगड़े खत्म हो जाएं। भरत ने धन और राजगद्दी से पहले सम्बंधों को महत्व महत्व दिया। श्रीराम के अभिषेक के बाद उनका श्रृंगार कर आरती की गई। इस मौके पर शैलेन्द्र अग्रवाल, राहुल बंसल, आशु मित्तल, कान्ता प्रसाद अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, राजीव मल्होत्रा, सूरज प्रभु, नीलेश गुप्ता, अनुल गुप्ता, ललित माधव प्रभु, शम्भू प्रभु, नितेश प्रभु आदि उपस्थित थे।

## मातृ शक्ति का जताया आभार

**आगरा (एनएनआई)।** चेटी चंड महोत्सव में इस बार मातृ शक्ति की भागेदारी पर सिंधु सभा ने आभार जताया। झूले लाल जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में इस बार समाज की मातृ शक्ति ने बढ़-चढ़कर भागेदारी की। इस भारतीय सिंधु सभा ने महिला पंचायतों का आभार व्यक्त किया है। इनमें इन्दु सोनी, मधु माखीजा, अंजु दियालानी, रश्मी बुधरानी, शोभा सोनी, रजनी, भाविका दियालानी, कांता दादलानी टीम की टीम प्रमुख रहीं। आभार जताने वालों में सिंधी सेंट्रल पंचायत चंद्र प्रकाश सोनी, घनश्याम दास, परमानंद, जयराम दास, सूर्य प्रकाश, श्याम लाल रंगनानी, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी, किशोर



बुधरानी, राज कोठारी, नन्द लाल, सुशील, अमृत माखीजा, नरेश देवनानी, जगदीश डोडानी, अशोक परवानी, भजन लाल प्रधान, राजकुमार गुरनानी, लाल एम सोनी, राजू खेमानी, अशोक गोकानी, रोहित आयलानी, हरेश पंजवानी, अशोक चावला, दौलत राम मोडवानी, मुकेश सभानी, कन्हैया सोनी, जितेंद्र पमनानी आदि शामिल हैं।

## झांकियों संग निकली देवी शशिबाला की शोभायात्रा

❍ पुष्प वर्षा और चुनरी पहनाकर जगह-जगह हुआ स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** श्री शक्ति भजन मण्डल द्वारा नवरात्रि पर देवी शशिबाला की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. आलौकिक उपाध्याय ने भक्तों संग देवी मां की आरती कर किया। संगीता सिनेमा चौराहे से शुरू हुई शोभायात्रा में सबसे आगे विध्नविनाशक श्रीगणपति की झांकी थी। इसके बाद राधा-कृष्ण, शिव पार्वती, लक्ष्मी-





नारायण, बजरंग बली, खाटू नरेश सहित अन्य देवी-देवताओं की 21 झांकियां शामिल रहीं। आखिर में देवी शशि बाला की झांकी थीं। बैंडबाजों और ढोल नगाड़ों संग शोभायात्रा का जगह-जगह आरती की गई। देवी मां की प्रतिमा को चुनरी पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत और प्रसाद वितरण किया गया। भोगीपुरा, रुई की मंडी, शाहगंज चौराहा, नौबस्ता चौराहा, लोहामंडी बाजार, राजामंडी बाजार, एमजी रोड, नालबंद चौराहा, पंचकुईयां होते हुए शोभायात्रा चिल्लीपाड़ा शाहगंज पहुंच कर सम्पन्न हुई। जहां श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में ज्योति प्रचंड (जगराता) और भगवती का गुणगान किया गया। इस दौरान हर्ष ढालिया, हेमंत भोजवानी, संजय अग्रवाल, अनूप भोजवानी, गौरव राजावत, सुनील करमचंदानी, गुलशन, अशोक, योगी, अंकित, पीतमदास, राधा रानी मनवानी, पूजा, आकाश मुलानी और अंकित खूबचंदानी आदि मौजूद रहे।

Jewellery at Wholesale Rate





सोने व हीरे एवं कुन्दन के आभूषण

K.B. Jewellers & Sons
BIS hallmarked Gold
Cert. Diamond Jewellery

Govt. Approved Jewellery Valuer





किनारी बाजार, आगरा सम्पर्क- 0562-3059723, 2463083

# अभिभावक पस्त, स्कूल मस्त, अधिकारी व्यस्त

- शिक्षा विभाग समय पास करने को दे रहा सिर्फ तारीख पर तारीख

एनएनआई

**आगरा।** अदालतों की तर्ज पर तारीखों पर तारीख देना शिक्षा विभाग में भी चल रहा है। शिक्षा विभाग को ठेंगे पर रखकर स्कूल और पुस्तक विक्रेता अभिभावकों को लूटने में लगे हैं और शिक्षा विभाग तारीख पर तारीख देने में मगन है। प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस द्वारा आगरा के स्कूलों द्वारा हर साल फीस में बढ़ोतरी और पाठ्यक्रम में बदलाव पर एतराज जताते हुए शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्कूलों पर कार्रवाई निर्देश शिक्षा विभाग को दिए, लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतते जा रहे हैं, वैसे-वैसे शिक्षा विभाग स्कूलों पर अपना कसा हुआ शिकंजा ढीला करता जा रहा है। टीम पापा के दीपक सिंह सरीन आरोप है कि शिक्षा विभाग अभिभावकों को नहीं सीधे-सीधे स्कूलों को लाभ पहुंचा रहा है। समय बीतने के साथ सारे पेरेंट्स किताबें खरीद लेंगे तो किताबों का मुद्दा खत्म। इसी तरह ड्रेस और फीस जमा करा देंगे तो यह मुद्दा भी खत्म हो जाएगा। श्री सरीन ने कहाकि आगरा के किसी भी स्कूल ने अगर जिला स्कूल नियामक समिति समक्ष फीस बढ़ाने का आवेदन किया है तो समिति उसे सार्वजनिक करे। अन्यथा कोई भी स्कूल अपनी मर्जी से फीस नहीं बढ़ा सकता।

### कलक्ट्री पर देंगे धरना

टीम पापा के दीपक सरीन ने चेतावनी देते हुए कहाकि अगर दो दिन के अंदर स्कूलों की फीस बढ़ोत्तरी और पाठ्यक्रम व ड्रेस बदलाव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह कलेक्ट्रेट के गेट पर धरने पर बैठेंगे।

### टीचर के आंखें दिखाने पर सहम रहीं बच्चियां

टीम पापा के दीपक सरीन ने श्री राम सेंटेनियल स्कूल के एक नए प्रकरण पर चिंता जाहिर की है। बताया कि उक्त स्कूल की कक्षा 2 की छात्रा कला टीचर के आंख दिखाने की वजह से इतनी सहम गई है कि लंच के बाद वॉशरूम नहीं जा पाती। इस वजह से उसकी यूनिफॉर्म खराब हो जाती है। ऐसा कई बार होने पर जब अभिभावकों ने स्कूल की प्रधानाचार्य से शिकायत की तो उल्टा अभिभावकों से ही अभद्र व्यवहार कर उन्हें अपमानित किया गया। दीपक सिंह सरीन ने जब स्कूल की कोऑर्डिनेटर से बात की तो उनका कहना था कि वह बात करके अपडेट करेंगी, लेकिन आज तक कोई जबाव नहीं दिया गया। इसको लेकर पापा संस्था अभिभावक के साथ मुख्य विकास अधिकारी के पास पहुंचकर शिकायत करेंगे।

## पक्षियों के लिए घोंसले और पात्र मुहैया

एनएनआई

**आगरा।** लोकस्वर संस्था पिछले चौदाह साल से पर्यावरण और पक्षियों को बचाने के लिय कार्यरत है। जनहित में पक्षियों को बचाने के लिये गौरेया के घोंसले और पानी के बर्तन बांटे जा रहे हैं। अब गर्मी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है तो पक्षियों को भी छांव और पानी की जरुरत है। उनके लिए घोंसले और पानी के बर्तन ऑटो ट्रेडर्स सीता राम मार्किट बेलनगंज पर उपलब्ध हैं। पक्षी प्रेमी उनसे सम्पर्क कर सकते हैं।



## कैदियों को बांटा हलुवा-चने का प्रसाद

एनएनआई

**आगरा।** सत्यमेव जयते ट्रस्ट द्वारा बर्फी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से रामनवमी पर सेन्ट्रल जेल में हलुवा चने का प्रसाद वितरण किया गया। मां के जयकारों के बीच कैदियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जेलर दीपांकर भारती, डिप्टी जेलर साक्षी चौधरी, सत्यमेव जयते के गौतम सेठ, अनिल जैन, नंदकिशोर गोयल और रजनी कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या कुंज में धूमधाम से मना श्री राम जन्मोत्सव

एनएनआई

**आगरा।** रामनवमी पर अयोध्या कुंज स्थित श्री राम मंदिर को दुल्हन की तरह भव्य रोशनी से सजाया गया। संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत रघुनंदन श्रीराम की 101 दीप प्रज्ज्वलित कर महाआरती की गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों ने महाआरती में भाग लिया प्रसाद ग्रहण किया। गिर्राज किशोर अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर संरक्षक मंडल के सदस्यों के दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस मौके पवन शास्त्री (मंदिर महंत), महेश कुशवाहा, पवन गोयल, दीप चन्द्र शर्मा, विनोद कुमार गोयल, सुरेश चंद्र शर्मा, मनोज नोतनानी (मीडिया प्रभारी), शिव राम सिंह चाहर और गोविंद सिंह फौजदार आदि शामिल रहे।








न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र



# चेर्निहाइव में रूस ने बरसाई मिसाइलें, 13 लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक और घातक मिसाइल हमला किया है। यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों के अनुसार रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइलें बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं इमारत के परखच्चे उड़ गए। शहर के कार्यवाहक मेयर एलेक्जेंडर लोमाको ने बताया कि सुबह हुए हमले में कम से कम 18 लोग घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कई की हालत गंभीर है। यह हमला राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में चेर्निहाइव में हुआ, जो कि रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है। इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है। बता दें कि पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि यूक्रेन में गोला-बारूद, सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों की कमी से रूस धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। यूक्रेन के लिए एक विषम तथ्य वाशिंगटन में उस सहायता पैकेज की मंजूरी का रुकना है जिसमें यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने रविवार को कहा कि वह इस सप्ताह पैकेज को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। वाशिंगटन स्थित थ्थिंक टैंकह्र इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) के अनुसार, यूक्रेन में सैन्य साजो सामान की तेजी से किल्लत हो रही है।

### रूस यूक्रेन पर बना रहा बढ़त

आईएसडब्ल्यू ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता के प्रावधान में देरी के कारण रूस तेजी से बढ़त बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी सहायता के बिना यूक्रेन युद्ध के मैदान में ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकता। आईएसडब्ल्यू ने कहा कि यूक्रेन को अभी सबसे ज्यादा वायु रक्षा प्रणाली और तोपखाने की जरूरत है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मास्को से लगभग 350 किलोमीटर पूर्व में मोर्दोविया क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया। यह जगह यूक्रेन की सीमा से 700 किलोमीटर दूर है।



## 6.3 तीव्रता के भूकंप से थर्राया जापान

**जापान।** जापान एक बार फिर जोरदार भूकंप के झटकों से कांप उठा है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार अभी कुछ देर पहले जापान में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप पश्चिमी जापान में आया। इससे इमारतें हिलने लगीं और लोग अपने घरों से बाहर निकलकर भागने लगे। कुछ मकानों के गिरने की भी आशंका है। मगर अभी आधिकारिक आंकड़ों का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। यूएसजीएस ने भूकंप का केंद्र उवाजिमा से लगभग 18 किलोमीटर (11 मील) पश्चिम में बताया है। यह लगभग 25 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप को क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाले चैनल में रखा गया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि बुधवार रात दक्षिण-पश्चिमी जापान में 6.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। हालांकि प्रारंभिक स्तर पर किसी बड़ी क्षति की सूचना नहीं है। इससे पहले भी जापान में बीते हफ्ते 5.7 तीव्रता का भूकंप आया था। हालांकि तब भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ था।

## रामनवमी के मौके पर शोभायात्रा के दौरान विस्फोट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर में बुधवार शाम को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। घायल महिला को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'विस्फोट आज शाम को हुआ। इसमें एक महिला घायल हो गई है। हम घटना की जांच कर रहे हैं।' हालांकि, अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि विस्फोट बम से हुआ या किसी अन्य कारण से धमाका हुआ।' इससे पहले, सीएम ममता बनर्जी ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। एक्स पर ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं। मैं आप सभी से अपील करती हूं कि शांति, समृद्धि बनाए रखें। गौरतलब है कि इस बार रामनवमी के मौके पर देशभर में एक अलग ही उत्साह नजर आया। अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा होने के बाद हुई इस रामनवमी का पूरे देश को पहले से इंतजार था। अयोध्या में धूमधाम से रामनवमी मनाई गई थी। इसी वजह से पूरे देश में भी एक अलग ही जोश दिखाई दे रहा था। देश में तमाम जगहों पर भगवान राम की शोभायात्रा भी निकाली गई।

## भारी बारिश के कारण दुबई एयरपोर्ट जलमग्न

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया है। मंगलवार को भारी बारिश के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में भी जलभराव हो गया। बाढ़ के हालात को देखते हुए दुबई जाने वाली 15 और भारत आने वाली 13 उड़ानों (कुल 28 उड़ानों) को रद्द कर दिया गया। यात्रियों को दुबई एयरपोर्ट पर नहीं आने की चेतावनी दी गई है। बता दें कि दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को दुनिया के सबसे व्यस्त एयर हब के तौर पर जाना जाता है। यात्रियों को चेतावनी दी गई है कि जब तक बेहद जरूरी न हो वे दुबई एयरपोर्ट न आएं। दुबई एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा कि विमान सेवाओं का डायवर्ट होना जारी है। हम जल्द से जल्द एयरपोर्ट को फिर ठीक से संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण है। भारी बारिश के कारण उड़ान संचालन में देरी हुई या उड़ानों को रद्द किया गया। दुबई एयरपोर्ट पर आमतौर पर एक सामान्य शाम में करीबन 100 विमानों का आगमन होता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वहां जिस तरह के हालात हैं, उसके चलते उड़ानों को डायवर्ट किया गया। भारी बारिश ने इस हलचल वाले शहर में आम जनजीवन से जुड़ी गतिविधियों को पूरी तरह से ठप कर दिया।

## सलमान खान को मारना नहीं था आरोपियों का मकसद

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर 14 अप्रैल को गोलीबारी की घटना सामने आई। इसके बाद से ही अभिनेता की सुरक्षा के चाक-चौबंद किए गए हैं। बीते दिन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सलमान खान से मिलने पहुंचे थे। कथित तौर पर घटना की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल ने ली है। वहीं अब मामले की जांच कर रहे मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस पर बड़ा खुलासा किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच का कहना है, 'आरोपियों ने सलमान खान के पनवेल स्थित फार्महाउस की भी रेकी की थी। उनका इरादा सिर्फ उन्हें डराना था न कि उनकी हत्या करना। बिहार में दोनों आरोपियों के परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। हरियाणा और दूसरे राज्यों से करीब 7 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है, कार्रवाई लगातार जारी है।' 16 अप्रैल को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया था कि दो लोगों ने घटना को अंजाम देने से पहले अभिनेता के घर के आसपास तीन बार रेकी की थी। दोनों आरोपियों की पहचान बिहार के रहने वाले विक्की गुप्ता (24 वर्ष) और सागर पाल (21 वर्ष) के रूप में हुई है। रविवार सुबह बांद्रा इलाके के गैलेक्सी अपार्टमेंट में अभिनेता के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद से ही दोनों फरार चल रहे थे।

## न्यूयॉर्क में बड़ा साइबर अटैक, स्टेट बिल ड्राफ्टिंग ऑफिस में कामकाज बंद

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में स्टेट ड्राफ्टिंग बिल कार्यालय पर बुधवार तड़के एक साइबर अटैक हुआ। हमले की क्षमता फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बिल मसौदा तैयार करने की प्रणाली बुधवार सुबह से बंद है। यह कार्यालय अल्बानी में राज्य कैपिटल में कानून निर्माताओं के लिए कानून मुद्रित करता है। साइबर हमला तब हुआ, जब स्टेट ऑफिस अपने राज्य के बजट बिलों को अंतिम रूप दे रहा था। गवर्नर कैथी होचुल ने स्वीकार किया कि इस अटैक से कामकाज प्रभावित हुआ है। डेमोक्रेट होचुल ने डब्ल्यूएनवाईसी में कहा, हमें 1994 से चली आ रही अधिक प्राचीन प्रणाली की ओर वापस लौटना होगा। फिलहाल हमारी समझ यह है कि इसके विधायी पक्ष से निपटने में थोड़ा अधिक समय लगेगा, क्योंकि कंप्यूटर में बहुत सारा डेटा शामिल होता है.ह्न यह पूछे जाने पर कि क्या यह घटना राजनीति से प्रेरित हमला था, होचुल ने कहा, मुझे नहीं पता। एक बयान में राज्य सीनेट के नेता के प्रवक्ता, माइक मर्फी ने कहा कि बिल मसौदा कार्यालय अभी भी सदनों के लिए काम की प्रक्रिया कर सकता है और हमें विश्वास नहीं है कि इससे समग्र प्रक्रिया में देरी होगी। अधिकारियों ने कहा कि न्यूयॉर्क स्टेट ऑफिस के बिल मसौदा कार्यालय पर बुधवार तड़के एक स्पष्ट साइबर हमला हुआ।

# खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मार गिराए सात आतंकवादी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बुधवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सात आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि आतंकवादी अफगानिस्तान से लगी देश की सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान के कबायली जिले के स्पिनकई इलाके में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास सात आतंकवादियों की गतिविधि का पता लगया। इसके बाद घुसपैठ कर रहे सभी सात आतंकवादी मारे गए। बयान में कहा गया कि मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किया गया। पाकिस्तान लगातार तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार से कहता रहा है कि वह अपने इलाके में सीमा प्रबंधन प्रभावी रूप से सुनिश्चित करे। सात आतंकवादी मारे जाने के बाद सेना ने अफगान सररकार से एक बार फिर आग्रह किया है कि वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करे और पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी कृत्यों के लिए अपनी




धरती का इस्तेमाल न होने दे। आईएसपीआर के बयान में कहा गया, पाकिस्तान के सुरक्षा बल अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने और आतंकवाद के खतरे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अफगानिस्तान से लगे देश के अशांत क्षेत्र में इस अभियान को तब अंजाम दिया गया है, जब एक दिन पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने आतंकवाद से पैदा होने वाले खतरों को खत्म करने का संकल्प लिया। जनरल मुनीर मंगलवार को रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय में आयोजित 264वें कोर कमांडरों के सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। जहां उन्होंने कई आतंकवादी हमलों को विफल करने के लिए पाकिस्तानी सेना और अन्य कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की।

## संपादकीय

# व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का हो दौर

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक मजबूती नहीं दिखाई है। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव।

पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा?

पार्टियां हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता।लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें। राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना। वर्तमान के हाथों में जीवन की संपूर्ण जिम्मेदारियां थमी हुई हैं। हो सकता है कि हम परिस्थितियों को न बदल सकें पर उनके प्रति अपना रूख बदलकर नया रास्ता तो अवश्य खोज सकते हैं। आने वाले नये राजनीतिक नेतृत्व का सबसे बड़ा संकल्प यही हो कि राष्ट्रहित में स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सर्वोपरि रहेगा। व्यक्ति का क्या मूल और क्या विसात। विरोध नीतिगत होना चाहिए व्यक्तिगत नहीं। एक उन्नत एवं विकासशील भारत का निर्माण करने के लिये हमें व्यक्ति नहीं, मूल्यों एवं सिद्धान्तों को शक्तिशाली बनाना होगा।

# खान-पान से कंट्रोल करें डायबिटीज

**डायबिटीज** एक ऐसी बीमारी है जो हमारे शरीर में इंसुलिन की कमी या हमारे शरीर की कोशिकाओं द्वारा इंसुलिन प्रतिरोध के कारण उत्पन्न होती है। इंसुलिन की कमी या प्रतिरोध की वजह से , रक्त शर्करा का स्तर असामान्य रूप से उच्च हो जाता है। डायबिटीज के ऐसे मरीज जो इंसुलिन पर हैं, उन्हें फास्टिंग से बचना चाहिए। उपवास की वजह से उनका ब्लड शुगर लेवल लो हो सकता है, जो जानलेवा भी साबित हो सकता है।डायबिटीज के ऐसे मरीज, जिन्हें आंख या किडनी से जुड़ी कोई बीमारी या दूसरी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें भी उपवास से बचना चाहिए।अगर आप डायबिटीज के मरीज व्रत रख रहे हैं तो डाइट में ऐसे खानपान को शामिल करें जो धीरे-धीरे एब्जॉर्ब हो, जैसे लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स। डायबिटीज के मरीजों का खानपान ऐसा होना चाहिए जिसमें प्रोटीन, नैचुरल फाइबर भरपूर मात्रा में हों- जैसे राइस, रोटी वगैरह। मधुमेह यानी डायबिटीज के इलाज के जरिए खून में मौजूद शुगर के स्तर को नियंत्रित किया जाता है। ब्लड शुगर लेवल निरंतर चेक करते रहें। पोषणझ डायबिटीज के टाइप-1 और टाइप-2 में ना केवल खाने से जुड़ी जानकारी का ध्यान रखना होता है, बल्कि इस बात पर भी जोर देना होता है कि खाना कब और कितना खाना चाहिए।

**शारीरिक गतिविधि-** डायबिटीज के टाइप-2 से बचाव के लिए शारीरिक गतिविधियां करना जरूरी होता है। इससे मधुमेह नियंत्रण में रहता है। इसके साथ ही हृदय रोग और ब्लड शुगर से जुड़ी जटिलताओं को भी रोकने में मदद मिलती है।


**दवाएं-** टाइप-2 डायबिटीज के मरीज के लिए केवल शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ खाने का सेवन करना ही काफी नहीं होता है, बल्कि उन्हें दवाओं का सेवन भी करना

डायबिटीज एक लाइफस्टाइल डिजीज है जो गलत खान पान की आदतों और एक्सरसाइज के कमी से होता है। इसलिए खाने में विशेष परहेज रखना होता है।



**सुरभि उपाध्याय**
**आहार विशेषज्ञ**

- **भोजन करने का एक निश्चित समय रखें और भूखे ना रहें।**
- **मीठे उत्पादों जैसे मिठाई, मीठे फल, मीठी चाय आदि को बिलकुल छोड़ दें। अगर खाना भी पड़े तो कम मात्रा में ही खाएं।**
- **व्रत, उपवास आदि से परहेज करें।**
- **खाने में सलाद का प्रयोग जरुर करें।**
- **शराब व अन्य किसी भी प्रकार के नशे को तुरंत बाय बाय कर दें।**
- **जंक फूड, डिब्बा बंद प्रोडक्ट्स ये सभी अधिक कैलोरी से युक्त होते हैं जो शरीर में इन्सुलिन को घटाकर शुगर लेवल में वृद्धि कर देता है अतः इनसे यथासंभव बचें।**
- **बिना डॉक्टर के सलाह पर दवाइयों का सेवन, लगातार अंग्रेजी दवाइयां लेना आदि भी शुगर को अनियंत्रित कर देते हैं। इसलिए लम्बी दवाई के लिए डॉक्टर की सलाह ले**




# गर्भवती, प्रसूता और नवजात के लिए करें 102 नंबर एम्बुलेंस का इस्तेमाल- सीएमओ

**राष्ट्रीय** एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत 17 जनवरी 2014 को उत्तर प्रदेश में की गई थी। यह 102 एम्बुलेंस सेवा मुख्य रूप से गर्भवती, शिशुओं और बच्चों को सेवा प्रदान करती है। वे बुनियादी चिकित्सा सहायता प्रदान करते हैं और मरीजों को निकटतम अस्पताल तक पहुंचाते हैं । जिले में इस सेवा की कुल 44 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं।






गर्भवती, प्रसूता, नवजात और दो साल तक के बच्चों द्वारा स्वास्थ्य इकाई तक आने और वहां से वापस जाने के लिए 102 नंबर (टोल फ्री नंबर) एम्बुलेंस सेवा का इस्तेमाल करने की अपील मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव की है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि 102 नंबर एम्बुलेंस सभी सरकारी अस्पतालों पर खड़ी रहती हैं । इन पर किसी भी मोबाइल नंबर या लैंडलाइन के जरिये कॉल करके सरकारी प्रावधानों के अनुसार 24 घंटे सेवा ले सकते हैं। इस समय औसतन एक दर्जन लाभार्थी प्रतिदिन इस सेवा का इस्तेमाल कर रहे हैं । गर्भवती जब कभी भी प्रसव पूर्व जांच के लिए सरकारी अस्पताल आती हैं तो वह इस सेवा का उपयोग कर सकती हैं ।उन्हें यह एम्बुलेंस न केवल घर से अस्पताल तक लाएगी बल्कि घर पर भी वापस छोड़ेगी।

सरकारी अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों को घर ले जाने के लिए भी इस एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाता है । दो साल तक के बच्चे को अगर स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत हो तो सरकारी अस्पताल तक लाने और घर ले जाने के लिए इस सेवा का इस्तेमाल कर सकते हैं । नसबंदी सेवा अपना चुकी महिला को घर छोड़ने के लिए भी यह एम्बुलेंस उपयोग में आती है। एम्बुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी डॉ. एसके राहुल ने बताया कि 102 नंबर एम्बुलेंस सेवा एक बेसिक लाइफ सपोर्ट सेवा है और इसमें प्राथमिक देखभाल की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। इसके पायलट और इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) प्रशिक्षित होते हैं । गर्भवती और दो साल तक के बीमार बच्चों को एक सरकारी अस्पताल से दूसरे उच्च सरकारी अस्पताल तक ले जाने में भी इस एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाता है । एम्बुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी की देखरेख में जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछनेरा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में एम्बुलेंस हेल्प डेस्क भी कार्य करता है । वहां सेवाएं लेने वाली लाभार्थी हेल्प डेस्क की मदद से घर जाने के लिए भी सम्पर्क कर सकती हैं।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहीं जिया

**जिया** शंकर को पिछले कुछ हफ्तों में कठिन दौर से गुजरना पड़ा क्योंकि उनकी मां सुरेखा गवली अस्पताल में भर्ती थीं। 11 अप्रैल को, अभिनेत्री ने घोषणा की कि उनकी मां ठीक हो रही हैं, और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए लगातार शुभकामनाएं देने के लिए अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। अब, अपने नवीनतम पोस्ट में, जिया ने चुनौतीपूर्ण दिनों के बीच मानसिक उलझनों से निपटने को लेकर चर्चा की है। पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी ने एक्स पर एक पोस्ट में उल्लेख किया कि पिछले कुछ दिनों में कई बार टूटने के बाद उन्होंने कैसे वापसी की। उन्होंने लिखा, 'मुझे यह भी याद



नहीं है कि इन पिछले कुछ दिनों में मैं कितनी बार मानसिक रूप से टूट चुकी हूं और ऐसे सामान्य हो गई हूं जैसे कुछ हुआ ही नहीं। यह भी गुजर जाएगा।' इससे कुछ दिन पहले जिया ने अपनी मां के स्वास्थ्य पर एक अपडेट साझा किया था जिसमें बताया गया था कि वह आखिरकार ठीक हो रही हैं और बेहतर महसूस कर रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने फैंस के प्यार को स्वीकार किया और लिखा, 'मुझे मिले सभी ट्वीट्स, टेक्स्ट और कॉल के लिए, तहे दिल से धन्यवाद। यह महसूस करना कि स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ नहीं है और प्रार्थनाओं पर विश्वास करना हमेशा चमत्कार कर सकता है। हमेशा कर्ज में डूबी रहूंगी और इस कठिन समय में हमारे साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों के लिए हमेशा तैयार रहूंगी। हर हर महादेव।' जिया शंकर के निराशाजनक रहस्योद्घाटन पर फैंस की प्रतिक्रियाएं आईं और उन्होंने कमेंट सेक्शन में जिया पर प्यार और आशीर्वाद की बारिश कर दी। उनके एक फैन ने प्रार्थना की, 'भगवान आपको और आंटी को आवश्यक शक्ति दें जिया! किसी के माता-पिता या मां सबसे अनमोल हैं, कोई भी उनकी जगह नहीं ले सकता..मुझे यकीन है कि यह आसान नहीं है.. आपके और आपके परिवार के लिए प्रार्थनाएं। भगवान दयालु हैं, मुझे यकीन है, यह भी बीत जाएगा।' दूसरे ने लिखा, 'जिया, आपको ढेर सारा प्यार और ताकत भेज रहा हूं।'



# जिमी शेरगिल ने ओटीटी पर किया धमाका

**जिमी** शेरगिल की नई सीरीज भारत की आधुनिक युद्ध की ऐतिहासिक कहानी को प्रदर्शित करेगी। जिमी शेरगिल दो मिनट के ट्रेलर की शुरूआत पुलवामा हमले की झलक से होती है। एनएसए प्रमुख की भूमिका निभाने वाले आशीष कहते हैं, ये एक नया रण है या इसे जीतने के लिए एक नई रणनीति की जरूरत है। आगामी वेब शो आधुनिक युद्ध को डिकोड करता है जो केवल भौतिक सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता है बल्कि सोशल मीडिया, डिजिटल रणनीति और गुप्त राजनीतिक चालों के क्षेत्र से परे है जो भू-राजनीति को नया आकार देने की शक्ति रखता है। वेब श्रृंखला उन वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है जिन्होंने 2019 में देश को हिलाकर रख दिया था। शो में कुछ हवाई दृश्य, शानदार प्रदर्शन और एक शक्तिशाली कथा है जो युद्ध के मैदान के अंदर और बाहर हर पहलू को चतुराई से पकड़ती है। आगामी वेब श्रृंखला के बारे में बात करते हुए, जिमी ने कहा यह मेरे द्वारा अतीत में की गई किसी भी भूमिका से भिन्न है। कम से कम यह कहना चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन भारत की पहली वॉर-रूम केंद्रित वेब-श्रृंखला का हिस्सा बनना बेहद संतोषजनक भी है। वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित जिसने देश को हिलाकर रख दिया। एनएसए प्रमुख के रूप में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, आशीष ने कहा, एनएसए प्रमुख की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन रक्षा बलों के कुछ सदस्यों के साथ बैठकों ने मुझे अपने चरित्र की बारीकियों को समझने में मदद की। तैयारी कार्य और कार्यशालाएं मुझे वापस ले गईं मेरे एनएसडी के दिनों में। संतोष सिंह द्वारा निर्देशित, श्रृंखला का निर्माण स्फीयरओरिजिन्स मल्टीविजन प्राइवेट लिमिटेड के सुंजॉय वाधवा और कॉमल संजय डब्ल्यू द्वारा किया गया है।



# जाह्नवी कपूर की नई फिल्म 'उलझ' का टीजर आउट

जाह्नवी कपूर जल्द अपकमिंग फिल्म फिल्म उलझ में नजर आएंगी। बीते साल एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग की जानकारी फैंस के साथ शेयर की थी। वहीं अब बुधवार को उलझ का टीजर रिलीज किया गया है जो सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है। टीजर में जाह्नवी कपूर एक यंग डिप्लोमैट के रोल में दिखाई दे रही हैं। जाह्नवी कपूर फिल्म इंडस्ट्री में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है। कम समय में एक्ट्रेस कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं, लेकिन हिट की लिस्ट में कुछ ही शामिल हैं। अब जाह्नवी कपूर फिल्म उलझ लेकर आ रही हैं, जिसका टीजर बुधवार को रिलीज किया गया है। जाह्नवी कपूर ने बीते साल उलझ की शूटिंग की अपडेट दी थी। फिल्म के रैप-अप पर उन्होंने एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया था। वहीं, अब फिल्म अब रिलीज के करीब पहुंच गई है। इस बीच टीजर भी सामने आ गया है। जाह्नवी कपूर ने उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी। उलझ का टीजर सस्पेंस और थ्रिल से भरा हुआ है। टीजर की शुरूआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद स्क्रीम में जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रेकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलैट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर लीड रोल निभा रही हैं। उनके साथ फिल्म में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का डायरेक्शन सुधांशु सरिया ने किया है। वहीं, जंगली पिक्चर्स के बैनर तले फिल्म बनाई गई है। अमृता पांडे और विनीत जैन ने उलझ का प्रोड्यूस किया है। फिल्म 5 जुलाई को रिलीज होगी।

# दिल्ली ने गुजरात को छह विकेट से हराया





**अहमदाबाद।** आईपीएल 2024 के 31वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया। अब टीम के खाते में छह अंक दर्ज हो गए हैं और टीम के नेट रनरेट (-0.074) में भी सुधार हुआ है। वहीं, गुजरात की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। दोनों टीमों के खाते में बराबर अंक हैं। इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरूआत अच्छी हुई। पृथ्वी शॉ और जैक फ्रेजर-मैकगर्क के बीच पहले विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी हुई। स्पेंसर जॉनसन ने टीम को पहला झटका दिया। उन्होंने मैकगर्क को शिकार बनाया। वह दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 20 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, शॉ सिर्फ सात रन बना सके। इस मुकाबले में अभिषेक पोरेल ने 15, शाई होप ने 19, ऋषभ पंत ने 16 और सुमित कुमार ने नौ रन बनाए। पंत और सुमित नाबाद रहे। गुजरात के लिए संदीप वॉरियर ने दो विकेट चटकाए। वहीं, स्पेंसर जॉनसन और राशिद खान को एक-एक सफलता मिली। आईपीएल 2024 के 31वें मैच में गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजों को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया। इस मैच में टीम 89 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। नंबर आठ पर उतरे राशिद खान के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। गुजरात की पारी की शुरूआत झटके के साथ हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए आए शुभमन गिल सिर्फ आठ रन बना सके। उन्होंने ईशांत शर्मा ने 11 रन के स्कोर पर शॉ के हाथों कैच कराया। वहीं, उनके साथी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा सिर्फ दो विकेट बना सके। इस मुकाबले में साई सुदर्शन ने 12, डेविड मिलर ने दो, अभिनव मनोहर ने आठ, राहुल तेवतिया ने 10, शाहरुख खान शून्य, मोहित शर्मा ने दो, नूर और जॉनसन ने एक-एक रन बनाया। वहीं, स्पेंसर नाबाद रहे। दिल्ली के खिलाफ राशिद खान का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 24 गेंदों का सामना किया। दो चौकों और क छक्के की मदद से उन्होंने 31 रन बनाए। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट लिए जबकि खलील अहमद और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला।

## गुजरात के नाम दर्ज हुआ अनचाहा रिकॉर्ड

इसी के साथ गुजरात टाइटंस के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। आईपीएल के इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे कम स्कोर बनाने वाली गुजरात पहली टीम बन गई। इसके अलावा यह गुजरात का आईपीएल में सबसे कम स्कोर है।

# सच साबित हो सकती है रोहित की कही बात

## लम्बे समय बाद यह विकेटकीपर खेलेगा टी20 विश्व कप?




**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह दुनिया के उच्चतम फिनिशर्स में से एक हैं। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 83 रनों की दमदार पारी खेलकर सभी को हैरान कर दिया। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदों का सामना किया और आरसीबी का स्कोर 262 रनों तक पहुंचा दिया। हालांकि, टीम 287 रनों के लक्ष्य को 25 रन से हासिल करने से चूक गई। इस मैच में आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी विस्फोटक पारी के दम पर टी20 विश्व कप 2024 के लिए दावेदारी पेश की है। हाल ही में मुंबई के खिलाफ एक मैच में दिनेश कार्तिक ने ऐसा ही प्रदर्शन किया था। उन्होंने 23 गेंदों में 53 रन बनाए थे। इस दौरान रोहित शर्मा को उन्हें टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए चिढ़ाते देखा गया था। 11 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई के पूर्व कप्तान को दिनेश कार्तिक को चिढ़ाते हुए देखा गया था। इस दौरान उन्होंने कहा, ?शाबाश डीके! टी20 वर्ल्ड कप में चयन के लिए पुश करना है इसको। दिमाग में चल रहा है इसके वर्ल्ड कप।? हैदराबाद के खिलाफ कार्तिक ने 237.14 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और सात छक्के लगाए। उनके विस्फोटक प्रदर्शन को देखते हुए फैंस को हिटमैन की बात याद आ गई।

## पैरा तीरंदाज शीतल का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरूआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ह्यह्यइस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपये मिले। टूनार्मेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।

## मायकोलास ने 38 साल पुराना डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

**रामोना (अमेरिका)।** लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। 21 वर्षीय एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं। 2022 में उन्होंने रजत और बीते वर्ष उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एलेक्ना ने अपने पिता वर्जीलियस एलेक्ना को भी पीछे धकेल दिया है। शुल्ट के बाद सर्वश्रेष्ठ थ्रो वर्जीलियस की 73.88 मीटर थी, जो अब तीसरे स्थान पर आ गई है। एलेक्ना ने यह रिकॉर्ड क्यूबा की यामे पेरेज की ओर से एक दिन पहले ही फेंकी गई महिलाओं की सर्वश्रेष्ठ थ्रो 73.09 के बाद बनाया है।

## नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर गुकेश की बढ़त कायम, प्रगनानंदा और गुजराती ने भी ड्रॉ खेला

**टोरंटो (कनाडा)।** डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया। गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाडि?ों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। कारुआना (5.5) ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा (3.5) को और नाकामुरा (5.5) ने अजरबैजान के निजात एबासोव (3) को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली (3.5) ने हार का क्रम तोड़ते हुए बुल्गारिया की नुरग्यूल सालिमोवा (4) को हराया। महिला वर्ग में चीन की झोंगयी तान और ली टिंगजी 6.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश के खिलाफ नेपोमनियाच्ची सफेद मोहरों से खेल रहे थे। शुरूआत में गुकेश समय के दबाव में भी फंसे। बावजूद इसके वह उन्होंने नियंत्रण बनाकर रखा। हालांकि नेपोमनियाच्ची काफी संभलकर खेल रहे थे और जोखिम लेने के मूड में कतई नहीं दिखे। वह 10 दौर के बाद टूनार्मेंट में अकेले खिलाड़ी हैं, जो अब तक हारे नहीं हैं।

## 18 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। कोई बड़ी जिम्मेदारी आपके ऊपर आ सकती है, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने परिवार में छोटे बच्चों के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं।

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। घर में आप कुछ समय पारिवारिक समस्याओं को सुनने में व्यतीत करेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने की योजना बना सकते हैं। मित्रों का आपको भरपूर मात्रा में सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशि:-** आज का दिन आपके लिए बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपके स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ी हो सकती है। व्यवसाय में आपको अपनी आंख व कान खुले रख कर आगे बढ़ना होगा।

**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहने का कारण आप परेशान रहेंगे। जीवनसाथी व संतान के लिए आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपके लिए पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आप कोई बड़ा परिवर्तन करने के लिए सोच विचार कर सकते हैं। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आपको कुछ मौसमी बीमारियां अपनी चपेट में ले सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**कन्या राशि:-** आज का दिन आपके लिए प्रेम व सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्रो में कार्यरत लोगों के काम की सराहना होगी। जीवनसाथी से आप यदि कोई बातचीत करेंगे, तो आपको उनकी बातों को समझने की कोशिश करनी होगी।

**तुला राशि:-** आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप अपने खान-पान की आदतों के कारण पेट संबंधित समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे। आपकी कुछ घरेलू समस्याएं फिर से सिर उठा सकती हैं, जिनको दूर करने की आप कोशिश करें।

**वृश्चिक राशि:-** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज दिन छोटी दूरी की यात्रा पर जाने के लिए रहेगा। व्यवसाय में यदि आपका कोई धन रुका हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

**धनु राशि:-** आज का दिन आपके लिए अपने काम में योजना बनाकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। परिवार में किसी सदस्य को कोई सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। बिजनेस करने वाले लोग अपने मन को इधर-उधर ना लगाएं, नहीं तो उनसे कोई गड़बड़ी हो सकती है। आप नौकरी में अपने काम को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़ें।

**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। यदि आप किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो उसमें आपको जीत अवश्य मिलेगी। व्यापार के काम को लेकर आप छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने किसी मित्र के कोई बात बुरी लग सकती है।

**कुंभ राशि:-** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। परिवार में चल रही आपसी कलह दूर होगी, सभी सदस्य एकजुट नजर आएंगे। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से वह प्रसन्न रहेंगे।

**मीन राशि:-** आज का दिन व्यापार के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी बड़ी डील को फाइनल करने का मौका मिलेगा। आपको किसी अजनबी से सलाह लेना नुकसान दे सकता है।

# राम नवमी और संत सुंदर दास की मनाई जयंती

- खंडेलवाल परिवार संघ द्वारा किया गया आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** राम नवमी और संत सुंदर दास की जयंती खंडेलवाल परिवार संघ द्वारा श्रद्धाभाव से मनाई गई। इस दौरान सुंदर कांड के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। खंडेलवाल परिवार संघ की नवगठित 2024-26 की कार्यकारिणी द्वारा






खंडेलवाल सेवा सदन शाहगंज में शाम को संत सुंदर दास और रामनवमी का आयोजन किया गया। इसमें खंडेलवाल क्लब, खंडेलवाल युवा क्लब और खंडेलवाल महिला संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ खंडेलवाल समाज के गणमान्य लोगों के भगवान राम और समाज शिरोमणि संत सुंदरदास के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। प्रभु श्रीराम के साथ सीता माता और लक्ष्मण जी के साक्षात स्वरूप के दरबार के सम्मुख बलशाली प्रभु हनुमान के सुंदर भजनों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। संघ के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता द्वारा समाज शिरोमणि संत सुंदरदास के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद सभी प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान खंडेलवाल क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष विनोद खंडेलवाल, सचिव संजीव खंडेलवाल, खंडेलवाल महिला संघ की अध्यक्ष प्रमिला खंडेलवाल को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष छैल बिहारी, उपाध्यक्ष संजीव, सचिव मुकेश, कोषाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल और पीआरओ लक्ष्मण खंडेलवाल ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर राकेश, राजीव, ललित, अनूप, रमेश, दिनेश, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# कंप्यूटर मार्केट में हुआ मैया का भंडारा

आगरा (एनएनआई)। संजय प्लेस कंप्यूटर मार्केट में राम नवमी पर माता रानी का विशाल भंडारा किया गया। भंडारे से पहले माता रानी की भव्य आरती की गई। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ जो दोपहर एक बजे से शाम छह बजे तक चला। भंडारे में प्रमुख रूप से आरएस सेंगर, देवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र परमार, चतुर्भुज तिवारी, दीपक यादव, अरविंद , देवेंद्र , धर्मेंद्र परमार, जितेंद्र, सुमित, विशाल, जय



सिंह, लोकेश, मदन और मनीष आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





